INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ- 4 - 5 Worksheet No-12	Topic :Grammar Worksheet	Note: Pl. write in your note book.

पाठ - 4 - 5 - व्याकरण कार्यपत्रिका -

प्रश्न -1 - दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए :-

1 – मैं कक्षा छह का छात्र हूँ।

2 – उसने गृहकार्य कर लिया है ।

3 – आप बाहर क्यों गए थे ?

4 – यह राधा तथा मोहन का विद्यालय है।

5 – शायद घर के अंदर कोई है।

6 – पानी में कुछ गिर गया था।

7 – जैसी करनी, वैसी भरनी।

8 – जैसा बोओगे, वैसा काटोगे।

9 – आज शहर कौन जाएगा ?

10 – वह मीना का छोटा भाई है|

प्रश्न-2 -निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

1 - मेरे घर के सामने विशाल पहाड़ है ।

2 - कक्षा में चालीस विद्यार्थी बैठे हैं ।

3 - पेड़ से कुछ फ़ल तोड़ कर लाओ ।

4 - कपड़े की लंबाई चार मीटर है ।

5 - पौधे में थोड़ी मिट्टी डाल दो।

6 - गली में पहला घर साधना का है ।

7 - मेरा भाई नटखट है ।

8 - मुझे तीन किलो आटा चाहिए |

9 - पांडव पाँच भाई थे |

10 - ओणम के दिन स्त्रियाँ सफ़ेद साड़ी पहनती हैं।

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए |

1 - कलम यह किसकी है ।

उत्तर - --

2 - यहाँ शुद्ध गाय का घी मिलता है।

उत्तर- --

3 - बच्चे को प्लेट में रखकर मिठाई दो।

उत्तर - --

4 - मेरे को किताब चाहिए।

उत्तर- --

5 - घोड़े के पास चार पैर होते हैं।

उत्तर- --

6 - बच्चे छत में खेल रहे हैं।

उत्तर- --

7 - लड़का ने पत्र लिखा।

उत्तर- --

8 - तुम तुम्हारी किताब पढ़ो।

उत्तर- --

9 - मैं नाश्ता कर लिया हूँ।

उत्तर- --

प्रश्न – 4 निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए:-

1- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक था।

2- लाल किला लाल पत्थर से बनाया गया है।

3- शाहजहाँ ने आगरा में ताजमहल बनवाया।

4 - इंद्र के हाथी का नाम ऐरावत था।

5- दिल्ली भारत की राजधानी है।

6 - बुर्ज खलीफा दुबई में है।

7 - मीना ने प्लास्टिक का खिलौना खरीदा है।

8 - मोहिनी कल भारत चली गई थी।